आकाशवाणी केन्द्र शिमला
17.06.2024/प्रादेशिक समाचार/18:00बजे

कांग्रेस प्रत्याशी

प्रदेश में तीन विधानसभा क्षेत्रों हमीरपुर, नालागढ़ और देहरा में उपचुनाव के लिए 10 जुलाई को मतदान होना है। इन चुनावों के लिए कांग्रेस पार्टी ने आज हमीरपुर और नालागढ़ सीट पर अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। पार्टी ने हमीरपुर से डॉक्टर पुष्पेन्द्र वर्मा जबकि नालागढ़ से हरदीप सिंह बावा को प्रत्याशी बनाया है। इस बीच भाजपा पहले ही इन तीनों सीटों पर अपने उम्मीदवार घोषित कर चुकी है। भाजपा ने हमीरपुर से आशीष शर्मा, नालागढ़ से के.एल ठाकुर जबकि देहरा से होशियार सिंह को चुनाव मैदान में उतारा है। उपचुनाव के लिए 21 जून तक नामांकन दाखिल किए जा सकेंगे।

प्रतिभा सिंह

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने कहा है कि कांग्रेस पार्टी प्रदेश में होने जा रहे तीनों उपचुनावों में जीत हासिल करेगी। उन्होंने कहा कि पार्टी इन चुनावों के लिए पूरी तरह तैयार है और जल्द ही तीनों चुनाव क्षेत्रों में प्रचार अभियान शुरू किया जाएगा। प्रतिभा सिंह ने आज नालागढ़, हमीरपुर और देहरा ब्लॉक कांग्रेस के पार्टी पदाधिकारियों के साथ दूरभाष पर चुनाव तैयारियों का जायज़ा लिया। प्रतिभा सिंह ने कहा कि उपचुनाव के लिए प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पूरी तरह से सक्रिय हो गया है।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि राज्य सरकार सोलन ज़िले कंडाघाट में दिव्यांगजनों के उत्कृष्ट केन्द्र स्थापित करेगी। उन्होंने आज शिमला में बताया कि विशिष्ट सुविधाओं से लैस इस केन्द्र में 27 वर्ष तक की आयु के विशेषरूप से सक्षम बच्चों के लिए आवासीय सुविधाएं, खेल मैदान और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सहित व्यापक सुविधाएं दी जाएंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिव्यांगजनों के कल्याण के लिए सरकार इस परियोजना को तय समय में पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि इस परियोजना को तैयार करने के लिए प्रारम्भिक कार्य शुरू कर दिया गया है और इस केन्द्र से 3 सौ दिव्यांग विद्यार्थी लाभान्वित होंगे।

जयराम ठाकुर

विपक्ष के नेता व पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने प्रदेश कांग्रेस सरकार पर युवाओं की अनदेखी करने का आरोप लगाया है। एक बयान में उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार रोजगार देने के नाम पर सत्ता में आई थी लेकिन अब सरकार रोज़गार के रास्ते बंद करने का काम कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार ने भाजपा कार्यकाल में शुरू की गई स्वावलंबन योजना को भी बंद कर दिया है इसके अलावा योजना को बंद करने से पहले स्वीकृत हुई योजनाओं का बजट भी जारी नहीं किया गया है।

जगत सिंह

राजस्व व जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी ने आज किन्नौर ज़िले में पूह पंचायत के लिए 2 करोड़ 90 लाख रूपये से बन रही उठाऊ पेयजल योजना के दूसरे चरण का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को परियोजना का शेष कार्य तय समय में पूरा करने के निर्देश दिए हैं। इस दौरान उन्होंने रोपा वैली की सुन्नम पंचायत के लिए 6 करोड़ 73 लाख रूपये की लागत से बनने वाली उठाऊ पेयजल योजना सहित सुन्नम गांव से बारोकंडा के लिए सम्पर्क मार्ग का भी शिलान्यास किया।

शिक्षा मंत्री

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा नीट यूजी–2024 के परिणाम में धांधली के आरोपों के संबंध में कहा है कि मामले में किसी भी तरह की गड़बड़ी करने वाले को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि बच्चों के भविष्य के साथ कोई खिलवाड़ सहन नहीं होगा। शिक्षा मंत्री ने एन.टी.ए. पर भी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि एन.टी.ए. में भी अगर कोई दोषी होगा तो उस पर भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी। नीट यूजी परीक्षा में इस बार 24 लाख से अधिक छात्र–छात्राएं शामिल हुए थे।

पेयजल किल्लत

भीषण गर्मी के चलते प्रदेश में जल स्रोत सूखने लगे हैं। राज्य के अन्य स्थानों के साथ–साथ शिमला शहर में भी लोगों को पेयजल की किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। शहर के कई इलाकों में चार से पांच दिन के बाद पानी की आपूर्ति हो पा रही है जिससे लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शिमला नगर निगम के महापौर सुरेन्द्र चौहान के अनुसार शहर में टैंकर से भी मांग के अनुसार पानी पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अगले वर्ष तक सतलुज नदी से शिमला शहर के लिए पानी लाने की योजना है जिससे पेयजल समस्या का काफी हद तक समाधान हो जाएगा।

मन की बात

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 30 जून को आकाशवाणी से ‘मन की बात’ कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की एक सौ 11वीं कड़ी होगी। नरेन्द्र मोदी के लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री चुने जाने के बाद यह पहला ‘मन की बात’ कार्यक्रम होगा। श्रोता टोल फ्री नंबर 1800–11–7800 के माध्यम से कार्यक्रम के लिए अपने विचार और सुझाव दे सकते हैं। नरेंद्र मोदी ऐप या माई जी.ओ.वी. ओपन फोरम पर ऑनलाइन भी सुझाव दिये जा सकते हैं। 28 जून तक भेजे गए सुझाव और विचारों को कार्यक्रम में शामिल किया जाएगा।